वर्ष 28 अंक 189
पृष्ठ 22
बरेली, बुधवार
22 मार्च 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 3.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

कैंपस प्लेसमेंट में 24 छात्र-छात्राएं चयनित

जासं, बरेली : श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के ट्रेनिंग डेवलपमेंट एवं प्लेसमेंट विभाग में सोमवार एवं मंगलवार को बी-टेक कंप्यूटर साइंस एवं इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इसमें एलएनजे भीलबाड़ा ग्रुप की कंपनी भीलबाड़ा इन्फोटेक्नोलॉजीज ने 24 छात्र-छात्राओं का कैंपस सेलेक्शन किया। पूल कैंपस प्लेसमेंट में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के 160 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया के अंतिम राउंड में 45 छात्र-छात्राओं ने साक्षात्कार दिया, जिसमें 24 का मौके पर ही चयन हो गया। इस मौके पर प्रोफेसर सुभाष मेहरा, प्रशासक डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डीन एकेडिमिक्स डॉ. अनंत श्रीवास्तव, प्राचार्य, सुशील गुप्ता, नितिन अग्रवाल, पूजा शर्मा, नेहा सक्सेना आदि मौजूद रहे।